संकलित परीक्षा–II, 2017

हिन्दी

समय – 3 घंटे | कक्षा – सातवीं | पूर्णांक – 100

Date - 25.02.2017 (Saturday)

Name of the student ______________________________ Section ____

निर्देश- क) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - अ, ब, स एवं द।

ख) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

ग) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखें।

खंड 'अ'

प्र.1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **(1×5=5)**

अभ्यास से विद्या का भंडार भरा रहता है, जबकि अभ्यास न करने से विद्या नष्ट हो जाती है। अभ्यास से जड़मति सुजान बन जाते हैं, सुजान कुशल बन जाते हैं और कुशल अपनी कला में पूर्ण बन जाते हैं। अभ्यास की कोई सीमा नहीं।

यह कहना अनुचित न होगा कि संसार में जन्म से कोई विद्वान नहीं होता अर्थात् प्रारंभ में सभी अबोध तथा जड़मति होते हैं। अभ्यास से ही बलिष्ठ, विद्वान एवं महान बनते हैं। आज जो व्यक्ति विद्या, प्रतिष्ठा के उच्च आसनों पर आसीन हैं; वे कभी सर्वथा, निर्बल, जड़मति और गुमनाम थे। इसके लिए उन्हें श्रम करना पड़ा, साधना करनी पड़ी, अभ्यास करना पड़ा। उतावलापन और जल्दबाज़ी अभ्यास के सबसे बड़े शत्रु हैं। धैर्य से ही मीठे फल की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति केवल शिक्षा में ही नहीं, जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता चाहता है; उसके लिए अभ्यास नितांत आवश्यक है।

अभ्यास अच्छा और बुरा भी हो सकता है। जीवन को सँवारने के लिए अच्छे अभ्यास की आवश्यकता होती है।

क) अभ्यास से भंडार भरा रहता है-

अ) सोने का ब) हीरे का

स) विद्या का द) कोयले का

ख) अभ्यास से जड़मति-

अ) धनवान बन जाते हैं। ब) सुजान बन जाते हैं।

स) रूपवान बन जाते हैं। द) इनमें से कोई नहीं।

ग) उतावलापन और जल्दबाजी-

अ) अभ्यास के सबसे बड़े दोस्त हैं। ब) अभ्यास से इनका मतलब नहीं।

स) अभ्यास के सबसे बड़े शत्रु हैं। द) अभ्यास से जन्मों का रिश्ता है।

घ) नितांत अभ्यास करते रहने की क्यों आवश्यकता पड़ती है?

अ) अज्ञानी बने रहने के लिए ब) साधु बने रहने के लिए

स) जड़मति बने रहने के लिए द) जीवन में हमेशा सफल होने के लिए

ङ) अच्छा और बुरा, व्याकरण के अनुसार है-

अ) स्त्रीलिंग,पुल्लिंग   ब) विलोम शब्द

स) पर्यायवाची शब्द   द) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 दिए गए काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प को चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **(1×5=5)**

'फिर क्या होगा उसके बाद'
उत्सुक होकर शिशु ने पूछा,
'माँ,क्या होगा उसके बाद'
'रवि से उज्ज्वल,शशि से सुंदर,
नव किसलयदल से कोमलतर।
वधू तुम्हारी घर आएगी,
उस विवाह-उत्सव के बाद।'
पल भर मुख पर स्मित की रेखा
खेल गई, फिर माँ ने देखा-
कर गंभीर मुखाकृति,शिशु ने
फिर पूछा, 'माँ,उसके बाद?'
'फिर नभ के नक्षत्र मनोहर,
स्वर्ग-लोक से उतर-उतर कर,
तेरे शिशु बनने को मेरे
घर आएँगे उसके बाद।'

क) 'फिर क्या होगा उसके बाद' का प्रश्नकर्ता कौन है?

अ) शिशु   ब) मित्र   स) सहपाठी   द) माँ

ख) 'विवाह के पश्चात् तुम्हारी वधू घर आएगी'- कथन सुनकर शिशु की प्रतिक्रिया क्या थी?

अ) उसके चेहरे पर थोड़ी हास्य-रेखा दिखी,पर वह तुरंत गंभीर हो गया

ब) शिशु रो उठा

स) शिशु को अच्छा नहीं लगा

द) शिशु माता से झगड़ने लगा

ग) नभ के नक्षत्र मनोहर कहाँ से उतरकर घर आएँगे?

अ) धरती से   ब) विदेश से   स) स्वर्ग-लोक से   द) नर्क से

घ) उपर्युक्त काव्यांश में शिशु के माध्यम से बच्चों की कौन-सी विशेषता प्रकट हो रही है?

अ) उत्साह   ब) जानने की ललक

स) उमंग   द) हठी/जिद्दी स्वभाव

ङ) 'उज्ज्वल' का सही संधि-विच्छेद होगा-

अ) उत्+ज्वल ब) उ+ज्ज्वल

स) उज्+ज्वल द) ऊत्-ज्वल

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(2×5=10)**

क) सर्वनाम किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

ख) विशेषण किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

ग) वर्तमान काल के भेदों के नाम और प्रत्येक के दो-दो उदाहरण लिखिए।

घ) स्थानवाचक क्रियाविशेषण तथा कालवाचक क्रियाविशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

ङ) क्रिया किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - **(1×2=2)**

क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित छपे **सर्वनाम** शब्दों के भेद लिखिए -

अ) आज सुबह **कौन** आया था?

ब) लगता है कहीं **कोई** रो रहा है।

ख) निम्नलिखित शब्दों का **विशेषण की उचित अवस्थाओं** से मिलान कीजिए - **(2)**

अ) सुंदरतम स्त्री	मूलावस्था
ब) मंद पवन	उत्तरावस्था
स) तीव्रतर धावक	मूलावस्था
द) प्रिय मित्र	उत्तमावस्था

ग) निम्नलिखित वाक्यों में सही के आगे (✓) का तथा गलत के आगे (×) का चिह्न लगाइए - **(2)**

अ) काल के मुख्यतः तीन भेद होते हैं। ( )

ब) भविष्यत काल के दो भेद होते हैं। ( )

स) आने वाले समय को वर्तमान काल कहते हैं। ( )

द) 'अनुज लिख रहा होगा।' संदिग्ध वर्तमान काल का उदाहरण है।( )

घ) निम्नलिखित वाक्यों में **क्रियाविशेषण** शब्द रेखांकित कीजिए- **(2)**

अ) कौआ खो-खो करके हँसता है।

ब) ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भागी।

स) साँप रेंगता हुआ चला गया।

द) पेड़ लड़की को झुककर देखता है।

ड़) निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेदों को पहचानिए और उन भेदों के नाम लिखिए - **(2)**

अ) भगवान तुम्हारा भला करे ।

ब) कौन नाच रहा है ?

स) आह ! मेरे पैर में दर्द है ।

द) माँ आराम कर रही है ।

प्र.5 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

क) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो अर्थ** लिखिए - **(2)**

अ) मधु-_______,________

ब) विधि-_______,________

ख) निम्नलिखित **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द** लिखिए - **(4)**

अ) अधिक खर्च करने वाला- _______

ब) मछली की तरह आँखों वाली- _______

स) रात में घूमने वाला- _______

द) जो अधिक जानता हो- _______

ग) निम्नलिखित **मुहावरों से अर्थपूर्ण वाक्य** बनाइए- **(4)**

अ) ईद का चाँद होना

ब) होश उड़ जाना

खंड 'ब'

प्र.6 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

वह चलते-चलते दुकान के सामने पहुँचा। वहाँ अलमारी में काँच के बड़े-बड़े जार कतार में रखे थे। उनमें चॉकलेट,पिपरमेंट और बिस्कुट थे। उसकी नज़र उनमें से किसी पर नहीं पड़ी। क्यों देखें? उसके पिता जी उसे ये चीज़ें बराबर ला देते हैं। फिर भी एक नए जार ने उसका ध्यान आकृष्ट किया। वह कंधे से लटकते बस्ते का फ़ीता एक तरफ़ हटाकर,उस जार के सामने खड़ा टुकर-टुकर ताकता रहा। नया-नया लाकर रखा गया है। उससे पहले उसने वह चीज़ यहाँ नहीं देखी है।

पूरे जार में कंचे हैं। हरी लकीरवाले बढ़िया सफ़ेद गोल कंचे। बड़े आँवले जैसे। कितने खूबसूरत हैं! अब तक ये कहाँ थे? शायद दुकान के अंदर। अब दुकानदार ने दिखाने के लिए बाहर रखा होगा।

क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए। **(1)**

ख) अप्पू चलते-चलते कहाँ पहुँचा और उसने क्या देखा? **(2)**

ग) पिता जी अप्पू के लिए क्या-क्या लाते थे? **(1)**

घ) जार में कैसे कंचे थे? **(1)**

प्र.7 निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

मैं झिझक उठा,हुआ बेचैन-सा,

लाल होकर आँख भी दुखने लगी।

मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,

ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए। **(1)**

ख) कवि की बेचैनी का क्या कारण था? **(1)**

ग) कवि की आँख लाल क्यों हो गई? **(2)**

घ) लोगों ने कवि के लिए क्या किया? **(1)**

प्र.8 नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं छः के उत्तर लिखिए - **(2×6=12)**

क) माधवदास क्यों बार-बार चिड़िया से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है? क्या माधवदास नि:स्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था? स्पष्ट कीजिए।

ख) यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया? लिखिए।

ग) दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं फिर हँसते हैं। क्यों?

घ) दक्षिण भारत में क्या-क्या खाया जाता है?

ङ) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?

च) मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

छ) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?

ज) धनराज की प्रेरक कौन हैं और उन्होंने उसे क्या सीख दी

झ) नीलकंठ लेखिका के सामने अपनी प्रसन्नता कैसे प्रकट करता था?

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं दो के उत्तर विस्तार से लिखिए - **(3×2=6)**

क) खानपान की मिश्रित संस्कृति फैलने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

ख) वृक्ष,सरोवर और सज्जन दूसरों के लिए क्या-क्या करते हैं?

ग) अप्पू स्कूल जाते समय किस विषय में सोच रहा था?

प्र.10 **'माँ मेरी बाट देखती होंगी'** - नन्ही चिड़िया बार-बार इसी बात को कहती है। आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि हमारी ज़िन्दगी में माँ का क्या महत्त्व है? **(3)**

अथवा

'इस आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर कैसे बज उठा' - वाक्य किस घटना की ओर संकेत कर रहा है?

प्र.11 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए- **(1×9=9)**

क) चिड़िया को पकड़ने के लिए कौन दौड़ा?

अ) नौकर ब) माधवदास स) कोई नहीं द) लेखक

ख) तोत्तो-चान की मूल भाषा क्या है?

अ) चीनी ब) जापानी स) अंग्रेज़ी द) हिंदी

ग) इडली-डोसा-बड़ा-साँभर-रसम कहाँ के भोजन हैं?

अ) दक्षिण भारत ब) उत्तर भारत स) पूर्वी भारत द) पश्चिमी भारत

घ) 'नीलकंठ' नामक पाठ साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आता है?

अ) निबंध ब) नाटक स) उपन्यास द) रेखाचित्र

ङ) दिल्ली की क्या चीज़ प्रसिद्ध है?

अ) नमकीन ब) छोले-कुलचे स) पाव-भाजी द) पेठा-नमकीन

च) सोनपुर का मेला किसके क्रय-विक्रय के लिए विख्यात है?

अ) ऊँटों के ब) बकरियों के स) घोड़ों के द) हाथियों के

छ) 'भोर और बरखा' कविता की कवयित्री का नाम बताइए-

अ) महादेवी वर्मा ब) सुभद्रा कुमारी चौहान स) मीराबाई द) जया जादवानी

ज) धनराज पिल्लै के दोनों बड़े भाई क्या खेलते थे?

अ) फुटबॉल ब) क्रिकेट स) खो-खो द) हॉकी

झ) कुँवर सिंह पर किसके व्यक्तित्व का प्रभाव पड़ा ?

अ) माता के ब) भाई के

स) चाचा के द) पिता के

खंड 'स'

प्र.12 बाल महाभारत पुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई दो) **(2½×2=5)**

क) महाभारत के युद्ध में किसकी विजय हुई है?

ख) धर्म प्रधान युद्ध तथा छल प्रधान युद्ध में क्या अंतर है?

ग) कर्ण ने जानबूझकर नकुल को क्यों छोड़ दिया?

घ) 'धृतराष्ट्र सदा अपने पुत्रों का पक्ष लेते थे'। इसके क्या प्रमाण हैं?

खंड 'द'

प्र.13 छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए । **(5)**

अथवा

वार्षिक खेलकूद समारोह ओ पी जिंदल विद्यालय में किस प्रकार मनाया गया, अपने मित्र को इस बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

प्र.14 निम्न में से <u>किसी एक</u> विषय पर (200 शब्दों में) निबंध लिखिए। **(10)**

क) ओपी जिंदल विद्यालय की प्रार्थना-सभा ख) शिक्षा में अभ्यास का महत्त्व

ग) परीक्षा के कठिन दिन घ) ऋतुराज, वसंत